
भोपाल | रविवार | 30 नवम्बर 2025 | वर्ष 69 | अंक 296 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00
navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से
भोपाल 70 वां वर्ष संस्करण



5 दिवस मनाने की औचित्यता और सार्थकता?



6 प्रेम प्रवाह के छन्दमय गद्य स्वर - 'और नदी लौट आई'


7 चिकित्सा-ज्योतिष में रोगों का विश्लेषण


8 आज के बल्लेबाजों में सब्र की कमी : कपिल देव

## एक नजर में



### डीजीपी/आईजीपी सम्मेलन की पीएम ने की अध्यक्षता

**रायपुर.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रायपुर में पुलिस महानिदेशकों और पुलिस महानिरीक्षकों के सम्मेलन के पहले दिन की अध्यक्षता की. उन्होंने कहा कि सम्मेलन में भारत की सुरक्षा प्रणाली के विभिन्न पहलुओं पर व्यापक विचार-विमर्श हुआ. प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि यह मंच राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में सर्वोत्तम प्रथाओं और नवाचारों को साझा करने के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है. रायपुर में डीजीपी/आईजीपी सम्मेलन के पहले दिन भारत की सुरक्षा प्रणाली के विभिन्न पहलुओं पर व्यापक चर्चा हुई. यह इस क्षेत्र में सर्वोत्तम प्रथाओं और नवाचारों को साझा करने के लिए एक उत्कृष्ट मंच है.

### ईसीआईनेट के बारे में आयोग ने सुझाव मांगे

**नई दिल्ली.** निर्वाचन आयोग ने लोगों से अपने नये डिजिटल प्लेटफॉर्म (ईसीआईनेट) को उपयोगकर्ताओं के लिए अधिक सुविधाजनक बनाने के सुझाव मांगे हैं. आयोग ने शनिवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि इस पहल का उद्देश्य प्रौद्योगिकी के माध्यम से मतदाताओं को अधिक सुविधा उपलब्ध कराना और चुनावी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता बढ़ाना है. आयोग ने लोगों से आग्रह किया है कि वे गूगल प्ले स्टोर या एप्पल ऐप स्टोर से ईसीआईनेट ऐप डाउनलोड कर अपने सुझाव भेजें. सुझाव 27 दिसम्बर तक भेजे जा सकते हैं. ईसीआईनेट पहले से मौजूद 40 से अधिक चुनाव-संबंधी ऐप और वेबसाइटों के लिए एकीकृत इंटरफेस उपलब्ध करता है. इसमें पहले से लोकप्रिय टूल जैसे वोटर हेल्पलाइन ऐप , सी विजिल, सक्षम, पोलिंग ट्रेंड और अपने उम्मीदवार को जानें ऐप शामिल हैं.

# हल्द्वानी से जुड़े हमले के तार

- दिल्ली ब्लास्ट के मामले में एनआईए की बड़ी कार्रवाई
- हल्द्वानी से मौलाना सहित दो लोगों को पकड़ा



**हल्द्वानी/फरीदाबाद, 29 नवंबर. दिल्ली धमाके के बाद आतंकी मॉडयूल की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है. केस में नए खुलासे हो रहे हैं.**

ब्लास्ट मामले में बीती रात राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीम ने उत्तराखंड के हल्द्वानी से एक मौलवी सहित दो लोगों हिरासत में लिया है. वहीं एनआईए की टीम लेडी आतंकी डॉक्टर शाहीन को लेकर फरीदाबाद पहुंची. टीम को शाहीन के फ्लैट से भारी मात्रा में नकदी, सोने के गहने और विदेशी मुद्रा बरामद हुई.

### आतंकी शाहीन के फ्लैट से 18 .50 लाख रुपए मिले

एनआईए की टीम ने फरीदाबाद स्थित अल-फलाह यूनिवर्सिटी के फ्लैट नंबर-32 में शाहीन की अलमारी का लॉक खुलवाया, यहां कई पैकेट रखे हुए थे. इन पैकेटों में 500-500 के नोट रखे गए थे. सभी पैकेट को खोलकर गिनती करने पर 18.50 लाख रुपए बरामद हुए. इसके अलावा दो सोने के बिस्कुट और गहने भी मिले. सोने का वजन करीब 300 ग्राम था. इसके साथ ही शाहीन की अलमारी से सऊदी अरब में अन्य देशों की करेंसी भी मिली. शाहीन के फ्लैट के अलावा एडमिन ब्लॉक में भी उसके नाम से एक लॉकर था. जांच में टीम को दस्तावेज मिले है.

### जांच एजेंसी ने रात के ढाई बजे की कार्रवाई

सूत्रों के अनुसार हल्द्वानी से जब्त दोनों के मोबाइल नंबर ब्लास्ट में शामिल आतंकी उमर के मोबाइल से मिले हैं. बीती रात करीब ढाई बजे



एनआईएऔर दिल्ली पुलिस की टीम ने मौलवी को बनभूलपुरा से और दूसरे अन्य व्यक्ति को राजपुरा क्षेत्र से पकड़ा है. टीम दोनों को पूछताछ के लिए दिल्ली लेकर गई है. जिस मौलवी को पकड़ा गया है उसकी पहचान मौलाना आसिम के रूप में हुई है. वह बीते चार साल से बिलाली मस्जिद में बच्चों को पढ़ा रहा था, वहीं दूसरा युवक हिंदू बताया जा रहा है. इस कार्रवाई के बाद से ही बनभूलपुरा में मस्जिद के पास पुलिस के जवान तैनात कर दिए गए हैं. साथ ही पूरे बनभूलपुरा एरिया में भी चेकिंग की जा रही है. हर आने जाने वाले वाहन की तलाशी की जा रही है. इसके अलावा दिल्ली पुलिस ने शहर के सभी निजी अस्पतालों को नोटिस जारी कर उन डॉक्टरों की जानकारी मांगी है, जिन्होंने विदेश से एमबीबीएस की डिग्री हासिल की है और वर्तमान में दिल्ली में प्रैक्टिस कर रहे हैं. पुलिस ने खासतौर पर पाकिस्तान, बांग्लादेश, यूएई और चीन से एमबीबीएस करने वाले डॉक्टर्स के बारे में जानकारी मांगी है. अधिकारियों का कहना है कि यह कदम सुरक्षा के मद्देनजर उठाया गया है.

### तीन डॉक्टर और मौलवी की रिमांड 10 दिनों के लिए बढ़ी

नई दिल्ली. दिल्ली की एक अदालत ने लाल किला विस्फोट मामले में गिरफ्तार तीन डॉक्टरों और एक मौलवी को शनिवार को 10 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया. सभी चार आरोपियों - मुजम्मिल गनई, अदील राठेर और शाहीना सईद के साथ-साथ मौलवी इरफान अहमद वागय को प्रधान एवं सत्र न्यायाधीश अंजू बजाज चांदना के समक्ष पेश किया गया. अब तक राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने इस मामले में आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जो जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा भंडाफोड़ किए गए एक 'सफेदपोश' आतंकी मॉड्यूल से जुड़े हैं. एनआईए ने एक बयान में कहा, एजेंसी आत्मघाती बम विस्फोट के सिलसिले में विभिन्न सुरागों की तलाश जारी रखे हुए है तथा इस बर्बर हमले में शामिल अन्य लोगों की पहचान करने और उनका पता लगाने के लिए संबंधित पुलिस बलों के साथ समन्वय में विभिन्न राज्यों में तलाशी अभियान चला रही है. बता दें कि दस नवंबर को लाल किले के बाहर विस्फोटकों से लदी कार में विस्फोट हुआ था, जिसे डॉ. उमर-उन-नबी चला रहा था.



# चक्रवाती तूफान 'दितवा' ने पकड़ी रफ्तार

**10** किमी प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है आगे | **130** लोगों की हो चुकी है मौत | **350** किमी दूर केंद्रित है चेन्नई से लगभग

**चेन्नई, 29 नवंबर (वार्ता) बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना चक्रवाती तूफान 'दितवा' अब तेज हो गया है और 10 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है. यह चेन्नई से लगभग 350 किलोमीटर दूर केंद्रित है.**

मौसम कार्यालय ने नवीनतम जानकारी में बताया कि यह इस तूफान ने पहले श्रीलंका में तबाही मचाई थी, जहां लगभग 130 लोगों की जान चली गई थी और बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ था. यह तूफान पहले 8 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से आगे बढ़ रहा था, लेकिन अब इसने रफ्तार पकड़ ली है. तूफान के उत्तर-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने और रविवार सुबह तड़के उत्तरी तमिलनाडु, पुडुचेरी और आस-पास के दक्षिण आंध्र प्रदेश के तटों के पास दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी तक पहुंचने की अत्यधिक संभावना है. तमिलनाडु में भारी बारिश के कारण 54 उड़ानें रद्द कर दी गई हैं. पुडुचेरी सेंट्रल यूनिवर्सिटी ने साइक्लोन के कारण छुट्टी घोषित करते हुए सभी परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं. पुडुचेरी, कराईकल, माहे और यनम में सभी स्कूल और कॉलेज सोमवार तक बंद रहेंगे. साइक्लोन दितवाह के असर से 30 नवंबर से 3 दिसंबर तक आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों में तेज बारिश होने का अनुमान है. भारतीय मौसम विभाग के अनुसार चक्रवाती तूफान दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उत्तर श्रीलंका के पास बना हुआ है.

### भारत ने मदद के लिए ऑपरेशन किया लॉन्च

भारत ने साइक्लोन दितवाह से तबाही के कारण श्रीलंका की मदद के लिए ऑपरेशन सागर बंधु लॉन्च किया. विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बताया कि भारतीय वायुसेना का एयरक्राफ्ट कोलंबो पहुंच गया है. एनडीआरएफ के 80 कर्मियों की टीमों के साथ हवाई और समुद्री मार्ग से अब लगभग 27 टन राहत सामग्री पहुंचाई गई है.

# मंत्री नारायण सिंह के काफिले पर पथराव

## मंत्री की सुरक्षा में सेंध, नशे में धुत युवक ने बीच सड़क पर किया हंगामा



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 29 नवम्बर. प्रदेश के उद्यानिकी मंत्री नारायण सिंह कुशवाह के काफिले पर पथराव हो गया. घटना माधौगंज थाना क्षेत्र की है, जिसमें एक नशेड़ी युवक द्वारा बीच सड़क पर जमकर हंगामा किया गया.**

जानकारी के मुताबिक कैबिनेट मंत्री नारायण सिंह माधौगंज थाना क्षेत्र में स्थित एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंचे थे. जहां से वापस लौटते समय गुढ़ा चक्की के पास उनका काफिला जाम में फंस गया और यही पथराव हो गया.

> नशे में धुत युवक ने जाम में फंसने पर मंत्री की गाड़ी पर पथराव कर दिया था, जिसे तुरंत पकड़ लिया गया है. हालांकि उसे पता नहीं था कि वह गाड़ी किसकी है.
> **दिव्या तिवारी**
> थाना प्रभारी, माधौगंज

# शिवकुमार से भ्रम को दूर करने मिले सिद्दारमैया

- शिवकुमार ने कहा- सिद्दारमैया से मतभेद नहीं
- एकजुटता के साथ पूरे करेंगे जनता से किए वादे



**बेंगलुरु, 29 नवंबर. कर्नाटक में मुख्यमंत्री सिद्दारमैया तथा उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार में कुर्सी को लेकर तनातनी पिछले कुछ दिनों से जारी है.**

इस बीच दोनों नेताओं ने मुख्यमंत्री आवास पर एक साथ नाश्ता किया. इसके बाद दोनों नेताओं ने सब कुछ ठीक है का संदेश देते हुए मतभेदों की अटकलों पर विराम लगाने का प्रयास किया है. शिवकुमार ने मुख्यमंत्री से उनके कावेरी आवास में मुलाकात के बाद कहा कि दोनों नेता पूर्ण समन्वय के साथ राज्य की जनता के लिए काम कर रहे हैं और हर वादे को मिलकर पूरा करने को प्रतिबद्ध हैं.

उनका कहना था कि सिद्दारमैया और उनके बीच किसी तरह का मतभेद नहीं है और जल्द ही वे दोनों फिर नाश्ते पर मिलेंगे. मतभेद की बात को पूरी तरह से खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सिद्दारमैया आने वाले दिनों में उनके आवास पर आएंगे और मेल जोल तथा दोनों के बीच संवाद का सिलसिला चलता रहेगा. जनता ने उन्हें पूर्ण बहुमत दिया है और जनता से जो वादे किए हैं, उन्हें मिलकर पूरा करेंगे. मुख्यमंत्री के साथ अपनी एकजुटता दोहराते हुए उन्होंने कहा कि हाईकमान के हर निर्देश का सख्ती से पालन करेंगे.

### बीएलओ का वेतन दोगुना

**नई दिल्ली.** निर्वाचन आयोग ने शनिवार को बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) का वेतन दोगुना करने और इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर्स (ईआरओ) तथा असिस्टेंट इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर्स (एईआरओ) को मानदेय देने का ऐलान किया. बीएलओ का पारिश्रमिक 6,000 रुपये से बढ़ाकर 12,000 रुपये कर दिया गया है. मतदाता सूची संशोधन के लिए मिलने वाला बीएलओ प्रोत्साहन भी 1,000 रुपये से दोगुना करके 2,000 रुपये कर दिया गया है. ईआरओ को पहली बार 30,000 रुपये का मानदेय दिया जाएगा जबकि एईआरओ को भी पहली बार 25,000 रुपये का मानदेय दिया जाएगा.

**कार्यक्रम** | नागपुर में नेशनल बुक फेस्टिवल का आयोजन

# भाईचारे में निहित है भारत की परंपरा : संघ प्रमुख



**नागपुर, 29 नवंबर. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को कहा कि विवादों में पड़ना भारत के स्वभाव में नहीं है और देश की परंपरा ने हमेशा भाईचारे और सामूहिक सद्भाव पर जोर दिया है.**

नागपुर में नेशनल बुक फेस्टिवल में संघ प्रमुख ने कहा कि भारत की राष्ट्रवाद की अवधारणा पश्चिमी सोच से पूरी तरह अलग है. उन्होंने कहा, एक बार कोई राय बन जाने के बाद उस विचार के अलावा कुछ भी मंजूर नहीं होता. वे दूसरे विचारों के लिए दरवाजे बंद कर देते हैं और उसे इज्म कहना शुरू कर देते हैं.

> उन्होंने दावा किया, हम राष्ट्रीयता शब्द का इस्तेमाल करते हैं, राष्ट्रवाद का नहीं. देश पर बहुत ज्यादा गर्व की वजह से दो वर्ल्ड वॉर हुए. इसीलिए कुछ लोग राष्ट्रवाद शब्द से डरते हैं. उन्होंने ज्ञान के महत्व पर भी जोर दिया, जिससे समझदारी आती है और इस बात पर जोर दिया कि सिर्फ जानकारी से ज्यादा व्यावहारिक समझ और एक सार्थक जीवन जीना जरूरी है. उन्होंने कहा कि सच्ची संतुष्टि दूसरों की मदद करने से मिलती है. यह एक ऐसी भावना है जो अस्थायी सफलता के विपरीत, जीवन भर बनी रहती है.

